## *प्रेस नोट जनपद मुरादाबाद*

***श्री हेमराज मीना, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद*** के निर्देशन में अपराध व अपराधियों पर अंकुश एवं प्रभावी नियन्त्रण बनाये रखने हेतु आज ***दिनांक 05-11-2023*** को जनपद मुरादाबाद से निम्न कार्यवाही की गयीः-

### 1-साईकिल चोर गिरफ्तार, कब्जे से चोरी की साईकिल बरामद-



अवगत कराना है कि दिनांक 04.11.2023 को वादी नाजिर हुसैन पुत्र तसलीम हुसैन पता बुध्द बाजार मस्जिद के पीछे कस्वा व थाना पाकबडा जनपद मुरादाबाद ने अज्ञात चोर द्वारा वादी की रेंजर साईकिल चोरी कर ले जाने के सम्बन्ध में थाना पाकबड़ा पर तहरीर देकर मु0अ0सं0 363/2023 धारा 379 भादवि पंजीकृत कराया। विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम में आज दिनांक 05.11.2023 को उ0नि0 श्री कुलदीप तोमर थाना पाकबड़ा द्वारा हमराही पुलिस बल की मदद से प्रकाश में आये अभियुक्त अभिषेक पुत्र मुनेश निवासी ग्राम गिन्दौडा थाना पाकब्रडा मुरादाबाद को गिरफ्तार किया गया जिसके कब्जे से चोरी की साईकिल बरामद की गई। बरामदगी के आधार पर उपरोक्त अभियोग में धारा 411 भादवि की बढोत्तरी की गई।

### 2-जुआ खेलते हुये 04 गिरफ्तार थाना बिलारीः-



अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशानुसार अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में दिनांक 04.11.2023 की रात्रि में उ0नि0 श्री ओमपाल सिंह थाना बिलारी द्वारा हमराही पुलिस बल की मदद से थांवला बिलारी क्षेत्र से अभियुक्तगण 1-साजिद पुत्र जाबिर 2-आफरीन पुत्र ताहिर 3-साहिब पुत्र जुल्फेकार 4-जाबिर पुत्र अहसान निवासी ग्राम थांवला थाना बिलारी मुरादाबाद को जुआ खेलते हुये गिरफ्तार किया गया। जिनके कब्जे से 1940/- रुपये नकद व 52 ताश के पत्ते बरामद किये गये। इस सम्बन्ध में उपरोक्त अभियुक्त के विरुद्ध थाना बिलारी पर मु0अ0सं0 475/23 धारा 13 जी एक्ट पंजीकृत किया गया है, अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

**3-दहेज के लिये प्रताड़ित करने तथा तीन तलाक देने का आरोपी पति गिरफ्तार थाना कटघरः-**




अवगत कराना है कि दिनांक 08.09.2023 को वादिनी निवासी थाना कटघर क्षेत्रान्तर्गत ने अभियुक्तगण द्वारा वादिनी को दहेज के लिये प्रताड़ित करने तथा पति द्वारा अप्राकृतिक कृत्य करने, तीन तलाक देने के सम्बन्ध में थाना कटघर पर तहरीर दी, तहरीर के आधार पर थाना कटघर पर मु0अ0सं0-448/2023 धारा-498ए/323/377/504/506 भा0द0वि0 व 3/4 डी0पी0 एक्ट व 3/4 मुस्लिम विवाह अधि0 पंजीकृत किया गया। विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम में आज दिनांक 05.11.2023 को उ0नि0 श्री संजय कुमार सिंह थाना कटघर द्वारा हमराही पुलिस बल की मदद से अभियुक्त (पति) अय्यूब पुत्र अनवर अली निवासी हिसामपुर थाना नखासा जिला सम्भल को गिरफ्तार किया गया।

**4-चरस के साथ 01 तस्कर गिरफ्तार थाना कुन्दरकी-**

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशानुसार जनपद में मादक पदार्थ के निर्माण, बिक्री/तस्करी पर नियंत्रण एवं इसमें संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 05.11.2023 को उ0नि0 विजय सिंह थाना कुन्दरकी द्वारा हमराही पुलिस बल की मदद से अभियुक्त सुहेल पुत्र शब्बन नि0 मौ0 नूरुल्ला कस्बा व थाना कुन्दरकी जनपद मुरादाबाद को 250 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध में उपरोक्त अभियुक्त के विरुद्ध थाना कुन्दरकी पर मु0अ0सं0 -259/223 धारा -8/20 एऩडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया है, अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है।




**गिरफ्तार अभियुक्तः-**

सुहेल पुत्र शब्बन नि0 मौ0 नूरुल्ला कस्बा व थाना कुन्दरकी जनपद मुरादाबाद

**बरामदगीः-**

250 ग्राम चरस।

**अभियुक्त का आपराधिक इतिहासः-**

1-मु0अ0सं0-0083/2022 धारा 9/25 शस्त्र अधिनियम, 41/102 सीआरपीसी, 307/34/413/414/420/467/468/471 भादवि ,

2-मु0अ0सं0 432/21 धारा 379,411 भादवि

3-मु0अ0सं0 440/21 धारा 379/411 भादवि

**5-अवैध तमंचा कारतूस के साथ 01 गिरफ्तार थाना डिलारीः-**



अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशानुसार अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 05.11.2023 को उ0नि0 मनीष सिरोही द्वारा हमराही पुलिस बल की मदद से अभियुक्त इस्लाम मुखिया पुत्र अब्दुल रशीद निवासी ढकिया पीरू थाना डिलारी मुरादाबाद को 01 अवैध तमंचा व 02 कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध में उपरोक्त अभियुक्त के विरुद्ध थाना डिलारी पर मु0अ0सं0-298/23 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया।

**गिरफ्तार अभियुक्तः-**

इस्लाम मुखिया पुत्र अब्दुल रशीद निवासी ढकिया पीरू थाना डिलारी मुरादाबाद

**बरामदगीः-**

01 अवैध तमंचा व 02 कारतूस

**आपराधिक इतिहास-**

1-मु0अ0स0 114/18 धारा 3/25 ए एक्ट थाना डिलारी मुरादाबाद
2-मु0अ0स0 375/08 धारा 382/411 भादवि थाना डिलारी
3-मु0अ0स0 376/08 धारा 380/411 भादवि थाना डिलारी
4-मु0अ0स0 799/5 थाना कोतवाली मुरादाबाद
5-मु0अ0स0 1374/5 थाना कोतवाली मुरादाबाद
6-मु0अ0स0 304/8 धारा 3/5/8 सीएस एक्ट थाना डिलारी मुरादाबाद
7-मु0अ0स0 373/8 धारा 3/5/8 सीएस एक्ट थाना डिलारी मुरादाबाद
8-मु0अ0स0 448/6 थाना डिलारी मुरादाबाद
9-मु0अ0स0 189/99 धारा 354 भादवि
10-मु0अ0स0 53/99 धारा 379 भादवि
11-मु0अ0स0 123/99 धारा 25 ए एक्ट